Title: Need to check the detriorating law and order situation in Madhya Pradesh.

डा. राम लखन सिंह (भिण्ड): सभापति जी, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

MR. CHAIRMAN : Do not mention all these things. It should not go on record. After all, the notices are to be listed and hon. Members are to be called according to the list. Your notice is listed at serial No.52, which means that 51 hon. Members have given their notices before you. They have been called accordingly. Therefore, you should not accuse either the Secretariat or those who are sitting here.

डा. राम लखन सिंह : सभापति जी, आपसे संरक्षण की मांग का तो हमें अधिकार है। ... (व्यवधान) आप एक मिनट मुझे अपनी बात तो कहने दीजिए।

... (व्यवधान)

आप इतने सीनियर मैम्बर हैं, आप तो बात भी नहीं कहने देते हैं। सीनियर मैम्बर को यह अधिकार तो नहीं है कि वह सीधे कहे कि आप बैठ जाइये। सभापति जी, अगर किसी को कुछ कहना है तो वह आपसे कहेगा।

सभापति महोदय : ठीक है, किसी मैम्बर को यह अधिकार नहीं है। आप बोलिये।

डा. राम लखन सिंहः सभापति जी, मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। मैं जिस भिंड क्षेत्र से आता हूं उसे चाहे-अनचाहे इस देश के मीडिया ने बहुत बदनाम किया है। कांग्रेस सरकार जब भी वहां कोई चुनाव आता है तो डाकुओं को प्रश्रय देती है। पिछले एक माह से वहां पर पिछड़ों का, अनुसूचित जाति-जनजाति के लोगों का, जाटवों का, ब्राहमणों का लगातार अपहरण और कत्ल हो रहा है और लगातार डकैती पड़ रही हैं।

ऐसा लगता है कि वहां न जिला प्रशासन है और न उस प्रदेश में सरकार नाम की चीज है। जहां ऐसी स्थिति पैदा हो गई हो

... (व्यवधान)

सभापति महोदय (श्री पी.एम. सईद): आप भारत सरकार से क्या मांग करना चाहते हैं?

डा. राम लखन सिंह : अभी हमारे एक साथी मित्र हिमाचल प्रदेश के बारे में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह का हिमाचल प्रदेश में पहला मामला है लेकिन मध्य प्रदेश में रोज ऐसे मामले होते हैं। वहां की सरकार उन पर जरा भी चिन्ता

----

* Expunged as ordered by the Chair.

व्यक्त नहीं करती। यह कहते हैं कि हरिजनों को संरक्षण प्रदान करने वाले हम ही हैं। अभी पिछले दिनों एक साथ अकाहा गांव में उमरी थाने के अन्तर्गत जाटवों का अपहरण किया गया। नवलपुरा में छः बघेलों का अपहरण हुआ। इसके बाद दीनपुरा में तीन ब्राहमणों के घर में रात को डकैती डाली गई और उसमें तीन लोगों की नृशंस हत्या हो गई। परसों पांडरी गांव में तीन ब्राहमणों का अपहरण हुआ।

... (व्यवधान)

सभापति महोदय : आप भारत सरकार से क्या मांग करना चाहते हैं?

डा. राम लखन सिंह : सगरा गांव के अन्तर्गत गुलालपुरा के थाना नया गांव में ६ बघेलों का अपहण हुआ। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। वह पिछड़ों, हरिजनों और जाटवों के संरक्षण की बात करती है। हमारी सरकार को बने तीन महीने हुए हैं लेकिन हम पर कानून और व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने के आरोप लगाए जाते हैं। मैं आदरणीय खुराना जी के माध्यम से गृह मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हं कि वह इस ओर ध्यान दें और मध्य प्रदेश सरकार को हिदायत दें कि वह कानून और व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति को सुधारें। वहां की सरकार के खिलाफ कार्यवाही भी की जाए।